हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 08.11.2024 - 08 Nov 2024 - Page 4

# महिला विवि कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध



गोहाना। महिला विश्वविद्यालय में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में बीएएमएस प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए दीक्षारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह जी के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय भगत फूल सिंह एवं उनकी पुत्री बहन सुभाषिणी के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अग्रणी योगदान दे रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा देने, गुणवत्तापरक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बतौर मुख्य अतिथि, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को अनुशासन एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने छात्राओं को परीक्षा प्रणाली बारे अवगत कराया। चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने छात्राओं को एंटी रैगिंग पॉलिसी के बारे में भी बताया। स्वागत संबोधन संस्थान के प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश गौतम ने दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजन सचिव डॉ. महेश शर्मा ने प्रस्तुत की।

Play / Stop Audio

# वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारीः प्रो. संकेत विज

बीएएमएस की नवागंतुक छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम शुरू।

Girish Saini Nov 7, 2024 08:43

0






रोहतक, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विवि के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में बीएएमएस प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागंतुक छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के नाम पर स्थापित यह विवि उनके एवं उनकी पुत्री बहन सुभाषिणी के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अग्रणी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा तथा गुणवत्ता परक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बतौर मुख्य अतिथि, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. संकेत विज ने अपने संबोधन में संस्थान के भावी चिकित्सकों को करुणा भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थी भविष्य में भारत के कौशल युक्त चिकित्सक बनेंगे। उन्होंने छात्राओं को विवि में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रयोग कर खुद को कौशलयुक्त तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने छात्राओं को हास्टल नियमों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को एंटी रैगिंग पॉलिसी के बारे में भी बताया। प्रॉक्टर प्रो. इप्सिता बंसल ने अपने संबोधन में छात्राओं को अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्टूडेंट्स ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी की जानकारी भी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने छात्राओं को परीक्षा प्रणाली एवं अन्य संबंधित नियमों से अवगत कराया।

प्रारंभ में संस्थान के प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश गौतम ने स्वागत संबोधन किया। आयोजन सचिव डॉ. महेश शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई एवं कार्यक्रम संचालन किया। धन्यवाद संबोधन कन्वीनर डॉ. गोविंद गुप्ता ने किया। छात्राओं ने धन्वंतरी वंदना प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस दौरान संस्थान के प्राध्यापक, कर्मचारी, अभिभावक एवं छात्राएं मौजूद रही।

Tags: global health challenges | Ayurveda doctors | responsibility on shoulders

## RELATED POSTS



30 दिवसीय ड्रेस डिजाइनिंग व 10 दिवसीय स्क्रीन प्रिंटिंग...



रोहतक जिले में अब तक 30063.2 मीट्रिक टन धान तथा 6437.60...



जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दृष्टिगत...

## COMMENTS

Name

Name

Email

Email

Comment

Comment

I'm not a robot

reCAPTCHA
Privacy - Terms

Post Comment




## POPULAR POSTS

Weekly Posts



मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देने पहुंचे डेरा ब्यास प्रमुख



Bachchan family and Bollywood shuns the eternal diva Aishwarya...



NHAI seeks applications for country's first bank-led toll...



Kajol reveals that Diwali isn't complete without a dose...



VHP thanks Trump for supporting Hindus in Bangladesh, questions...

## FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

## RECOMMENDED POSTS



Opinion

Vikrant Massey talks about responsibility of media as the...



Your love for sarees may raise risk of skin cancer, warns...



How kidney problems raise risk of strokes



Limiting sugar consumption early can prevent chronic disease...



Wayanad has realised BJP will pave path to development:...

FairPoint: An Indian gets a RAW mask that US wants

## CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

# कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रो. सुदेश

## बी.ए.एम.एस. की प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन




**गोहाना मुद्रिका न्यूज, 7 नवम्बर :** बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान में बी.ए.एम.एस. की प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा देने, गुणवत्तापरक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। विज ने भावी चिकित्सकों को करुणा भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को स्टूडेंट्स ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी की जानकारी भी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने छात्राओं को परीक्षा प्रणाली एवं अन्य संबंधित नियमों से अवगत कराया।

चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने हास्टल नियमों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को एंटी रैगिंग पॉलिसी के बारे में भी बताया। प्रारंभ में प्रिंसिपल डॉ. सत्य प्रकाश गौतम ने स्वागत संबोधन किया।

पंजाब केसरी
FRI,08 NOVEMBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# राष्ट्र विकास के लिए कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रो. सुदेश

■ बी.ए.एम.एस. की प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

गोहाना, 7 नवम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान में बी.ए.एम.एस. की प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



महिला विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण। (अरोड़ा)

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा देने, गुणवत्तापरक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डीन एकैडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। विज ने भावी चिकित्सकों को करुणा भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को स्टूडेंट्स ग्रीवैंस रिड्रैसल कमेटी की जानकारी भी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने छात्राओं को परीक्षा प्रणाली एवं अन्य संबंधित नियमों से अवगत कराया।

चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने हास्टल नियमों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को एंटी रैगिंग पॉलिसी के बारे में भी बताया। प्रारंभ में प्रिंसीपल डॉ. सत्य प्रकाश गौतम ने स्वागत संबोधन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि।

# बीपीएस में नवागंतुक छात्राओं के लिए दीक्षारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

गोहाना, 7 नवम्बर (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान में बी.ए.एम.एस. प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए दीक्षारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागंतुक छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह जी के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय भगत एवं उनकी पुत्री बहन सुभाषिणी के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अग्रणी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि नवागंतुक छात्राओं का सौभाग्य है कि वे इस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा देने, गुणवत्तापरक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बतौर मुख्य अतिथि, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. संकेत विज ने अपने संबोधन में संस्थान के भावी चिकित्सकों को करुणा भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को स्टूडेंट्स ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी की जानकारी भी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने छात्राओं को परीक्षा प्रणाली एवं अन्य संबंधित नियमों से अवगत कराया इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापक, कर्मचारी, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित रही।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
08-Nov-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20241108/27/9/1_1.cms

## बीएएमएस की नवागंतुक छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम शुरू

# वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी : प्रो. संकेत विज



**रोहतक, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में बीएएमएस प्रथम वर्ष की नवागंतुक छात्राओं के लिए दीक्षारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागंतुक छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के नाम पर स्थापित यह विवि उनके एवं उनकी पुत्री बहन सुभाषिणी के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अग्रणी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन उच्च स्तरीय शिक्षा तथा गुणवत्ता परक शोध व नवाचार को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र विकास के लिए उपयोगी कौशलयुक्त युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बतौर मुख्य अतिथि, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. संकेत विज ने अपने संबोधन में संस्थान के भावी चिकित्सकों को करुणा भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आयुर्वेद चिकित्सकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थी भविष्य में भारत के कौशल युक्त चिकित्सक बनेंगे। उन्होंने छात्राओं को विवि में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रयोग कर खुद को कौशलयुक्त तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने छात्राओं को हास्टल नियमों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को एंटी रैगिंग पॉलिसी के बारे में भी बताया। प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने अपने संबोधन में छात्राओं को अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# संजय भट्ट बने एनएपीएसडब्लयूआई के अध्यक्ष



**गोहाना|** नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्लयूआई) की नई कार्यकारिणी में एडजंक्ट प्रोफेसर संजय भट्ट को अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विवि में समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पंवार को कार्यकारी समिति की सदस्य बनाया गया। डॉ. मंजू पंवार के अनुसार एनएपीएसडब्लयूआई भारत में पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं के सबसे बड़े सदस्य आधारित संगठनों में से एक है, जिसकी स्थापना 2005 में एक गैर-लाभकारी, गैर-राजनीतिक, राष्ट्रीय स्तर के संगठन के रूप में हुई। सामाजिक कार्य पेशे के मानक और स्थिति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित इस संगठन का उद्देश्य सामाजिक कल्याण और सामाजिक विकास क्षेत्रों में सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और सामाजिक कार्य पेशेवरों के हितों की रक्षा करना है। संगठन के पदाधिकारियों का चयन देश भर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, अभ्यासकर्ताओं एवं अन्य सदस्यों की सहमति से किया गया। इस पर कुलपति प्रो. सुदेश ने चयनित प्राध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।